# RAMBHA COLLEGE OF EDUCATION



## ANNUAL REPORT
## 2018 - 2019

# CONTENT


| क्रम संख्या | कार्यक्रम | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | शिलान्यास समारोह | 4-5 |
| 2 | स्वाधीनता दिवस | 6-7 |
| 3 | एजुकेशन फेयर में भागीदारी | 8-9 |
| 4 | समुदाय के बीच जागरूकता अभियान | 10-11 |
| 5 | विवेकानंद जयंती | 12-13 |
| 6 | गणतंत्र दिवस | 14-15 |
| 7 | सरस्वती पूजा | 16-17 |
| 8 | सुभाष चन्द्र बोस जयंती | 18-19 |
| 9 | क्रिकेट टूर्नामेंट | 20-21 |
| 10 | पर्यावरण दिवस | 22-23 |
| 11 | आंतरिक परीक्षा | 24-25 |
| 12 | योगा दिवस | 26-27 |

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता









शिलान्यास समारोह

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : शिलान्यास समारोह
## स्थान : कॉलेज प्रांगण
## दिनांक : 23 जुलाई, 2018

रंभा शैक्षणिक संस्थान समूह की नींव सर्वप्रथम 2018 में पड़ी थी । इस दिन ही इस संस्थान ने शिक्षा जगत में प्रवेश किया था।

हमारा मोटो यह रहेगा कि

हम शिक्षा के साथ–साथ संस्कारों की भी बात करें। हमारा उद्देश्य आरंभ से ही यही रहा है कि हम सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षा का अलख जगाएं। हमारा दृढ़ विश्वास है कि सिर्फ सर्टिफिकेट देकर विद्यार्थियों का जीवन निर्माण नहीं किया जा सकता बल्कि उनको आत्मनिर्भर बनने का भी सुअवसर दिया जाना जरूरी है।

और इसलिए हमने 2018 में बी एड और डी एल एड विभाग को आरंभ किया जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक मानक सिद्ध होगा ।

हम इस बात के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे कि हमारे शैक्षणिक विभाग गुणात्मक मापदंड और मानदंड को पूरा करते हुए सफलतापूर्वक संचालित किए जायें।

हमारे व्याख्याताओं की पूरी कोशिश रहेगी कि हमारे संस्थान में अध्ययन करने वाले विद्यार्थी अपने अपने क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन करें।

इस बात पर भी ध्यान दिया जायेगा कि

शहर के विभिन्न कॉलेजों में होने वाली प्रतियोगिताओं में भी हमारे बच्चे भाग लें और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें ।

हमारे बच्चे किताबी ज्ञान से बाहर निकलकर समुदाय से भी जुड़ेंगे और समुदाय के लिए भी काम करेंगे।

हमारा शैक्षणिक संस्थान इस बात पर दृढ़ है कि वह अपने विद्यार्थियों को एक जिम्मेदार नागरिक बनाएगा ताकि उनके विद्यार्थी सिर्फ शिक्षा प्राप्त कर और नौकरी प्राप्त कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री न समझें बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी अपनी सक्रिय और सकारात्मक भागीदारी निभाएं।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता









स्वाधीनता दिवस

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : स्वाधीनता दिवस
## स्थान : कॉलेज प्रांगण
## दिनांक : 15 अगस्त, 2018

रंभा कॉलेज के प्रांगण में स्वाधीनता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्यों और व्याख्यातागणों के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न किया गया । कार्यक्रम का आरंभ राष्ट्रगान की स्वर लहरियों और तिरंगा के आरोहण के साथ किया गया।

तत्पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन जी ने कहा कि राष्ट्रभक्ति की भावना किसी भी व्यक्ति के हृदय के लिए सबसे अनिवार्य आभूषण होता है। जिस व्यक्ति के मन में अपने देश के प्रति सम्मान नहीं है वह मनुष्य नहीं है।

विद्यार्थियों और व्याख्यातागणों को संबोधित करते हुए सचिव श्री गौरव कुमार बचन जी ने भी कहा कि आज के युवा वर्ग अपने राष्ट्र के लिए एक समृद्ध मानव संपदा की तरह काम करें और अपने राष्ट्र को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अपने हिस्से की भागीदारी निभाएं।

कॉलेज की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और देशभक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया ।

प्राचार्य डॉ संतोष कुमार यादव और एच ओ डी अमित रंजन जी ने भी सभा को संबोधित किया और छात्र छात्राओं को अपने राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया ।

असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार ने भी बच्चों को उन शहीदों के बारे में जानकारी दी जिन्होंने देश को स्वतंत्र कराने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाई थी। डॉक्टर सतीश चंद्र के द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन से यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ योगेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर शिव प्रकाश पटेल ,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ संतोष कुमार वर्मा , व्याख्याता रश्मि लुगून, व्याख्याता गंगा भोला और विद्यार्थियों में फूलमती तोमसोय , विनोद, राहुल ,सुरभि ,श्वेता, शकुंतला कुमारी इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता













एजुकेशन फेयर में भागीदारी

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : एजुकेशन फेयर में भागीदारी
## स्थान : कैनवास मेला, बिस्टूपुर
## दिनांक : 30 सितंबर, 2018

कॉलेज परिसर में चलाए जा रहे विभिन्न कोर्स और विभागों की जानकारी देने के लिए समय–समय पर एजुकेशनल फेयर में भी हम शिरकत करते हैं और साथ ही जनता से और समुदाय से प्रत्यक्ष रूप से संपर्क करते हैं। इसका उद्देश्य यह होता है कि हमारे कॉलेज की गतिविधियों और उपलब्धियों के बारे में हम अधिक से अधिक लोगों को बता सकें और अपनी बात पहुंचा सकें। हमारे झारखंड में हमेशा से ब्रेन ड्रेन की समस्या रही है और विद्यार्थी उच्च शिक्षा के अवसर के अभाव में राज्य से बाहर पलायन करते हैं । हम उच्च शिक्षा में एक ऐसा परिवेश निर्मित करना चाहते हैं ताकि हमारे विद्यार्थी हमारे राज्य में ही रहें।

हमें हमेशा से इस तरह के अवसर पर बेहतरीन प्रतिक्रिया मिलती रही है और इसके आधार पर दूसरे विद्यार्थी और अभिभावक हम से जुड़ते रहे हैं।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन एक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है और हमेशा इस दिशा में कार्य करता रहेगा।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता








समुदाय के बीच जागरूकता अभियान

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : समुदाय के बीच जागरूकता अभियान
## स्थान : हाता, हलदीपोखर और उसके आसपास के गांव
## दिनांक : 22 दिसंबर, 2018

समुदाय के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने हेतु रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सत्र 2018——2020 के छात्र–छात्राओं ने हाता, गीतिलता के आसपास के गांव का दौरा कर जागरूकता अभियान चलाया और ग्रामीणों से मिल कर उन्हें साक्षरता का महत्व समझाया ।

समुदाय के लोगों को रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने साक्षरता के प्रति जागरूक किया और उनको पढ़ने पढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने ग्रामीणों की जीवन शैली कैसे बेहतर हो और कैसे वह गुणवत्ता पूर्ण जीवन जी पाएं, इस विषय में भी विचार मंथन किया और ग्रामीणों से बातचीत कर उन्हें उनके स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक किया।

इस सर्वे में विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य डॉ संतोष कुमार यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर कुंजन लाल पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रम, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार, व्याख्याता गंगा भोला, व्याख्याता रश्मि लुगून इत्यादि उपस्थित थे।

इस सर्वे का मार्ग निर्देशन कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन और सचिव श्री गौरव कुमार बचन ने दिया था।

चेयरमैन श्री राम बचन का कहना था कि शिक्षा का उद्देश्य है कि हम खुद भी आगे बढ़ें और अपने आसपास के लोगों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें और इसी उद्देश्य के तहत समाज सेवा की भावना मन में लेकर आज विद्यार्थियों ने आसपास के गांव का दौरा किया था।

कॉलेज के सचिव श्री गौरव कुमार बचन ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य किताब की दुनिया से बाहर निकलकर यथार्थ की दुनिया से जोड़ना है और इसलिए विद्यार्थियों को समय समय पर सामुदायिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस सर्वे के लिए कॉलेज की अध्यक्षा रंभा बचन और प्रबंधन समिति के विवेक बचन ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता










विवेकानंद जयंती

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : विवेकानंद जयंती
## स्थान : कॉलेज प्रांगण
## दिनांक : 12 जनवरी, 2019

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आज सभी व्याख्याताओं और विद्यार्थियो के बीच विवेकानंद जयंती मनाया गया। इस दिवस पर विद्यार्थियों को विवेकानंद के जीवन और उनके उपदेशों के बारे में संदेश दिया गया। साथ ही कार्यक्रम में विवेकानंद जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित भी किया गया। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने शिकागो में दिए गए स्वामी विवेकानंद के भाषण और उनके वक्तव्य के बारे में सबों को जानकारी दी ।

सचिव श्री गौरव कुमार बचन ने कहा कि युवाओं को विवेकानंद की जीवनी से संदेश लेने की आवश्यकता है और जिस तरह से विवेकानंद ने अपने समाज और राष्ट्र के उत्थान के लिए अपना सर्वस्व निछावर कर दिया हमें उनके इस त्याग से सीखने की जरूरत है।

इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार, डॉ सतीश, डॉ दिनेश, डॉ योगेश सिंह, डॉ रबींद्र प्रताप, प्रोफेसर गंगा भोला, प्रोफेसर रश्मि लुगून, सूरज कुमार, कमल कांत इत्यादि की सराहनीय भूमिका रही।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता









गणतंत्र दिवस

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

**कार्यक्रम : गणतंत्र दिवस**
**स्थान : कॉलेज प्रांगण**
**दिनांक : 26 जनवरी, 2019**

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में आज गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ और गर्व के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आरंभ कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन के द्वारा ध्वजारोहण करके किया गया ।तत्पश्चात ष्जन गण मनष की स्वर लहरियों से पूरा वातावरण गुंजित हो गया । विद्यार्थियों ने देशभक्ति की भावना पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया।
विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन श्री राम बचन ने कहा कि देश भक्ति की भावना सबसे पवित्र भावना है और हर किसी के ह्रदय में इसका समावेश जरूरी है। महाविद्यालय इस शुभ अवसर पर यही अपेक्षा करता है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्र के विकास में अपना सर्वस्व योगदान दें।

सचिव गौरव कुमार बचन ने कहा कि व्यक्ति कितना भी सफल हो जाए और उपलब्धियों को प्राप्त कर ले पर यदि वह समाज और राष्ट्र के लिए कुछ सकारात्मक कार्य नहीं करता है तो फिर उसका जीवन व्यर्थ कहा जाएगा इसलिए हम सबों को अपने राष्ट्र के उत्थान के लिए यथासंभव प्रयास करना चाहिए।
प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रप्रेम और राष्ट्र के प्रति समर्पण किसी भी व्यक्ति की सबसे पहली और बड़ी विशेषता है।
विद्यार्थियों ने लघु नाटिका के माध्यम से समाज की कुरीतियों और उसका नाश करने की आवश्यकता का संदेश दिया।
इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रबंधन समिति सदस्य विवेक बचन, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ गुंजन लाल पटेल, डॉक्टर विक्रम, डॉक्टर सतीश चंद्र, डॉक्टर दिनेश कुमार, डॉ रामानंद यादव , डॉ शिव प्रकाश पटेल, जनकराज अन्ना इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता









सरस्वती पूजा

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : सरस्वती पूजा
## स्थान : कॉलेज प्रांगण
## दिनांक : 10 फरवरी, 2019

सरस्वती पूजा के अवसर पर कॉलेज के प्रांगण में पूरे विधि विधान के साथ मां वीणा वादिनी की पूजा की गई। इस पूजन कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन, सचिव श्री गौरव कुमार बचन , अध्यक्षा श्रीमती रंभा बचन और विवेक कुमार बचन जी भी उपस्थित रहे। साथ ही कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ संतोष कुमार यादव और सभी व्याख्याता गणों की भी उपस्थिति रही । पंडित जी की उपस्थिति में पूजा पूरे विधि विधान से संपन्न हुई। इस पूजन अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों की भी उपस्थिति रही।

सबसे पहले मां वीणा वादिनी की पूजा की गई और उसके पश्चात सरस्वती मां की वंदना भी प्रस्तुत की गई।

अंत में सभी लोगों ने भोग और प्रसाद को ग्रहण किया।

चेयरमैन श्री राम कुमार बचन ने कहा कि महाविद्यालय में धर्म , भारतीय परंपरा और संस्कृति को भी बहुत महत्व दिया जाता है और समय–समय पर पूजा अर्चना करने से विद्यार्थियों में भी अपने संस्कार और संस्कृति के प्रति सम्मान करने की भावना जागृत होती है। इस पूजा को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर रवीन्द्र प्रताप, असिस्टेंट प्रोफेसर सुमनलता , डॉ दिनेश कुमार यादव, डॉ गोपेश, डॉक्टर सतीश कुमार ,असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ मुंडारी, सूरज कुमार, जनकराज अन्ना, कमल कांत जी, सिद्ध ार्थ जी इत्यादि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

अगले दिन पूरे विधि विधान से मां सरस्वती की प्रतिमा को विसर्जित कर दिया गया।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता










सुभाष चन्द्र बोस जयंती

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

## कार्यक्रम : सुभाष चन्द्र बोस जयंती
## स्थान : कॉलेज प्रांगण
## दिनांक : 23 मार्च, 2019

सुभाष चंद्र बोस के समर्पण और उनके राष्ट्रप्रेम को स्मरण करते हुए आज महाविद्यालय के प्रांगण में रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों और व्याख्याताओं ने सुभाष चंद्र बोस जयंती मनाई। इस अवसर पर सबसे पहले सुभाष चंद्र बोस की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया । तत्पश्चात छात्र–छात्राओं ने देशभक्ति के गीत का पाठ किया। प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने सुभाष चंद्र बोस की जीवनी पर प्रकाश डाला। डॉ रेखा यादव ने बताया कि किस तरह से सुभाष चंद्र बोस ने कम उम्र में ही मां भारती की सेवा में अपना सर्वस्व निछावर कर दिया। डॉक्टर शिव प्रकाश पटेल ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि राष्ट्र की तरक्की युवाओं के कांधे पर ही निर्भर करती है इसीलिए युवा वर्ग को देश के उत्थान के लिए हमेशा सक्रिय और जागरूक रहना चाहिए।

डॉ विक्रम ने बताया कि आज आवश्यकता है कि हम सभी सामाजिक कुरीतियों का नाश कर एकजुट होकर रहें और अपने सांस्कृतिक एकता का परिचय दें।

कॉलेज के अध्यक्ष श्री राम बचन और सचिव श्री गौरव कुमार बचन ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर हर किसी को शुभकामनाएं प्रेषित की और उम्मीद जताई कि विद्यार्थी अपने महापुरुषों की जीवनी से संदेश लेकर अपने जीवन को सार्थक करेंगे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में फुलमती तोमसोय, शकुन्तला, प्रीति, विनोद, श्वेता, सुरभि इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता









क्रिकेट टूर्नामेंट

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

**कार्यक्रम : क्रिकेट टूर्नामेंट**
**स्थान : कॉलेज का खेल प्रांगण**
**दिनांक : 2 मई, 2019**

विद्यार्थियों के अंदर खेल भावना के विकास के लिए समय–समय पर कॉलेज के खेल प्रांगण में विद्यार्थियों को आउटडोर खेल की भी सुविधाएं दी जाती हैं। इस दौरान विद्यालय के व्याख्यातागण भी विद्यार्थी के साथ रहते हैं ।
इस अवसर पर विद्यार्थी क्रिकेट वॉलीबॉल , फुटबॉल इत्यादि खेलते हैं।
विभिन्न प्रकार के खेल सामग्री की उपलब्धता कॉलेज परिसर में रहती है। हमारा उद्देश्य यही रहता है कि हमारे विद्यार्थी सिर्फ किताबी शिक्षा ही नहीं प्राप्त करें बल्कि शारीरिक शिक्षा और उनकी सेहत भी तंदुरुस्त रहे । कॉलेज प्रबंधन के चेयरमैन श्री राम बचन जी का मानना है कि एक स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ मन को प्रश्रय दे सकता है और इसलिए समय–समय पर कॉलेज में विद्यार्थियों को कक्षा कक्ष के बाहर ले जाकर खेलने के लिए भी अवसर प्रदान किया जाता है। इस अवसर की सुलभता छात्र और छात्राओं दोनों को होती है।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार, एच ओ डी अमित रंजन के साथ–साथ सभी व्याख्याता गणों की भी उपस्थिति और भागीदारी रहती है।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता







पर्यावरण दिवस

## कार्यक्रम : पर्यावरण दिवस
## स्थान : कॉलेज प्रांगण
## दिनांक : 5 जून, 2019

रंभा कॉलेज के प्रांगण में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता प्रदर्शित करते हुए वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रांगण में आम, तुलसी, शीशम ,सागवान, पीपल और कई सारे पौधे लगाए गए, ताकि भविष्य में पौधे बड़े होकर एक विशाल वृक्ष का रूप ले सकें।

वृक्षारोपण के दौरान महाविद्यालय के चेयरमैन श्री राम बचन जी ने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि सिर्फ वृक्षारोपण करने से ही अपने कर्तव्यों की इतिश्री ना समझें बल्कि हर दिन उसकी सिंचाई करना और उसकी सुरक्षा करना भी अपना दायित्व मान कर हमेशा हर दिन उसकी देखभाल करें।

इस अवसर पर कॉलेज के सचिव गौरव कुमार बचन भी उपस्थित थे जिन्होंने बच्चों को पृथ्वी की हरियाली बचाने का संकल्प लेने को कहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार और सभी व्याख्यातागण भी उपस्थित थे। बच्चों को संबोधित करते हुए प्राचार्य महोदय ने कहा कि आज के विद्यार्थी कल के नागरिक हैं। युवाओं में भी प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता जागृत होना जरूरी है ।कार्यक्रम को सफल बनाने में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ योगेश सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ अमरेंद्र कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रामानंद यादव, व्याख्याता रश्मि लुगून, व्याख्याता गंगा भोला, असिस्टेंट प्रोफेसर दिनेश कुमार यादव असिस्टेंट प्रोफेसर भूपेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर सतीश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता



आंतरिक परीक्षा

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

**कार्यक्रम : आंतरिक परीक्षा**
**स्थान : वर्ग कक्षा**
**दिनांक : 6 जून, 2019**

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सत्र 2018 –– 20 के विद्यार्थियों के लिए आंतरिक परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में शत प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति रही ।परीक्षा कक्ष में अनुशासन का वातावरण कायम रहा और साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का उद्देश्य बताते हुए कॉलेज के चेयरमैन रामबचन जी ने कहा कि मूल्यांकन की प्रक्रिया से ही व्याख्याता प्रत्येक विद्यार्थी के शैक्षणिक स्तर को समझ पाएंगे और उसके अनुसार उनको और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित कर पाएंगे।

सचिव गौरव कुमार बचन ने कहा कि मूल्यांकन की प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता रहती है और साथ ही अनुशासन का भी और वैधता , विश्वसनीयता का भी ख्याल रखा जाता है।

इस आंतरिक परीक्षा के सफल आयोजन में प्राचार्य डॉ संतोष कुमार यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर कुंजन लाल पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर विक्रम, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार, व्याख्याता गंगा भोला, व्याख्याता रश्मि लुगून इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता










योगा दिवस

# रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, गीतिलता

**कार्यक्रम : योगा दिवस**
**स्थान : कॉलेज प्रांगण**
**दिनांक : 22 जून, 2019**

रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के कॉलेज परिसर में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य पर सभी व्याख्याता गणों और विद्यार्थियों के द्वारा योगाभ्यास किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ संतोष कुमार ने कहा कि योग का अभ्यास सिर्फ हमारी सेहत के लिए ही नहीं , बल्कि हमारे मन के लिए भी लाभप्रद है।
योग के द्वारा हम मानवता की सेवा कर सकते हैं ।
एच ओ डी डॉ अमित रंजन ने
योगाभ्यास के दौरान हर किसी को ताड़ासन, शीर्षासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम ,कपालभाती, ध्यान इत्यादि का अभ्यास कराया। कॉलेज के चेयरमैन श्री राम बचन जी ने कहा कि हम सबों को प्रतिदिन योग का अभ्यास करना चाहिए। योग के अभ्यास से हम बहुत सारी बीमारियों से बच सकते हैं। जरुरी है कि हम सिर्फ एक दिन नहीं बल्कि सालों भर योग का अभ्यास करें।

इस दौरान सचिव गौरव बचन, प्रबंधन समिति सदस्य विवेक बचन, रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन के व्याख्यातागण डॉ शिव प्रकाश पटेल, डॉ रेखा यादव, असिस्टेंट प्रोफेसर कुंजन लाल पटेल, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दिनेश कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर योगेश सिंह, व्याख्याता रश्मि लुगून, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ भूपेश चंद्र , व्याख्याता रश्मि लुगून, सूरज कुमार, जनकराज अन्ना, कमलकांत इत्यादि ने भी विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया।

# RAMBHA COLLEGE OF EDUCATION














9102999123, 9102999124 contact.rambha@gmail.com rambhacollege.in

CAMPUS@ GITILATA, TATA HATA MAIN ROAD, JAMSHEDPUR